भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 87

(दिनांक 20.07.2023 को उत्तर देने के लिए)

ऑल इंडिया रेडियो नेटवर्क का ऍफ़ एम की तर्ज पर स्तरोन्नयन किया जाना

87. श्री सतीश चंद्र दूबे:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ऑल इंडिया रेडियो नेटवर्क का एफ़ एम की तरह स्तरोन्नयन करते हुए इसके उपयोग हेतु किसी योजना पर कार्य कर रही है;

(ख) यदि हां, तो अभी तक क्या-क्या कार्य हुए हैं और कितने प्रदेशों में ऑल इंडिया रेडियो नेटवर्क ऍफ़ एम की स्थापना की गई है, विशेषकर बिहार प्रदेश के कितने जिलों को इससे जोड़ा गया है; और

(ग) इसके क्या-क्या लाभ हैं तथा इस प्रोजेक्ट पर कितनी राशि खर्च की गई हैं?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग): आकाशवाणी नेटवर्क का स्तरोन्नयन एक सतत प्रक्रिया है। सरकार ने 04.01.2023 को, केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम, प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) को 2539.61 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ 2021-22 से 2025-26 तक की अवधि के लिए जारी रखने को अनुमोदित कर दिया है। इसमें एफएम ट्रांसमीटरों की स्थापना के लिए 425.58 करोड़ रुपए का परिव्यय शामिल है। इस स्कीम के तहत 14 राज्यों और 1 संघ राज्य क्षेत्र में 41 स्थानों पर विभिन्न क्षमताओं के एफएम ट्रांसमीटर स्थापित करने की परिकल्पना की गई है, जिसमें बिहार के दरभंगा, गोपालगंज, सहरसा और कटिहार जिलों में 4 एफएम ट्रांसमीटरों की स्थापना शामिल है। बिहार में आकाशवाणी नेटवर्क के स्तरोन्नयन से होने वाले लाभ एफएम ट्रांसमीटरों के क्षेत्र/आबादी की कवरेज, क्षमता और स्थान पर निर्भर करते हैं।

* * * * *